दिनांकः 11.04.2025 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की आज जयन्ती हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महात्मा फुले को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि ज्योतिबा फुले मानवता के सच्चे सेवक थे और उन्होंने पूरा जीवन समाज के शोषित और वंचित वर्गों के कल्याण के लिए समर्पित किया थां प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित कर ज्योतिबा फुले को याद किया जा रहा हैं

जयपुर स्थित मुहाना मंडी में आयोजित महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शिरकत कीं इस अवसर श्री शर्मा ने कहा कि ज्योतिबा फुले ने गरीब, पिछड़े, दलित और शोषित वर्ग के उत्थान का काम कियां

............

इससे पहले, मुख्यमंत्री ने 22 गोदाम स्थित महात्मा फुले की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दीं इस मौके पर उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा भी मौजूद रहें

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला कोटा के उम्मेद सिंह स्टेडियम में महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगें इसके बाद वे सुल्तानपुर में भी एक समारोह में शिरकत करेंगें भीलवाडा और भरतपुर में शोभायात्रा निकाली जाएगीं

इस बीच, 14 अप्रेल को मनायी जाने वाली बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के उपलक्ष में प्रदेश में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं पाली में सप्ताहभर तक चलने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला में कल चिकित्सा शिविर लगाया गयां इसमें लोगों के स्वास्थ्य की निःशुल्क जांच की गयीं

000

प्रदेश में गर्मी के बढ़ते तेवर को देखते हुए आमजन की सुविधा के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पेयजल आपूर्ति मजबूत करने के सभी कार्य 15 मई से पहले करने के निर्देश दिये हैं उन्होंने कहा कि जनता को यदि पानी के लिए परेशानी हुई तो जिम्मेदारी अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगीं मुख्यमंत्री ने कल पेयजल की मांग और उपलब्धता पर जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कीं उन्होंने नए हैण्डपम्प और नलकूप लगाने, पुराने हैण्डपम्प तथा नलकूपों की मरम्मत करने, और पाइपलाइनों को दुरस्त करने के निर्देश दिये हैं

उधर, झुंझुनूं में पेयजल की समस्या से निपटने के लिए 22 करोड़ 46 लाख रुपये से अधिक के कार्यों की स्वीकृति दी गई हैं जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने इसकी स्वीकृति जारी करते हुए संबंधित कार्यकारी एजेंसियों, पीएचईडी और पंचायत समितियों आवश्यक निर्देश दिये हैं इस राशि से विभिन्न ग्रामीण इलाकों में नए ट्यूबवैल लगाए जाएंगें इसके अलावा सूख चुके ट्यूबवैलों को और गहरा करवाया जाएगां

000

राज्य में पिछले 24 घंटों में पूर्वी हिस्सों में कहीं कहीं हल्की बरसात दर्ज की गईं मौसम विभाग के अनुसार नए पश्चिम विक्षोभ के प्रभाव से कई स्थानों पर अगले 2–3 दिन आंधी और बारिश की गतिविधियां जारी रह सकती हैं इससे तापमान में गिरावट के आसार हैं जैसलमेर, सवाईमाधोपुर, करौली, टोंक, बूंदी, दौसा और आस–पास के इलाकों में आज हल्की बारिश हो सकती हैं

000

आईपीएल क्रिकेट में आज चेन्नई सुपर किंग्स का सामना कोलकाता नाइट राइडर्स से होगां चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में ये मैच शाम साढे सात बजे से शुरू होगां इस बीच चेन्नई के कप्तान रितुराज गायकवाड के स्थान पर पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी प्रतियोगिता के शेष मुकाबलों में टीम का नेतृत्व करेंगें गायकवाड़ कोहनी में चोट के कारण आईपीएल से बाहर हो गए हैं

000

हनुमान जयंती कल मनाई जाएगीं इसे लेकर विभिन्न हनुमान और राम मंदिरों को विशेष रूप से सजाया गया हैं साथ ही मंदिरों में धार्मिक आयोजनों का सिलसिला शुरू हो गया हैं डूंगरपुर के खड़गदा स्थित क्षेत्रपाल जी मंदिर और पाली के खिंवाड़ा में मेला भर रहा हैं इसमें लोगों की सुविधा के लिए प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किये हैं

संत पीपा जयंती भी कल मनायी जाएगीं इस उपलक्ष में जोधपुर में आज रक्तदान शिविर लगाया गया हैं शाम को विजय चौक स्थित पीपा मन्दिर में भक्ति संगीत का कार्यक्रम हैं कल शोभायात्रा निकाली जाएगीं

000